राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर

प्रेस–नोट

क्रमांक : एफ. 7(01) परीक्षा 'क'/प्राध्यापक/(स्कूल शिक्षा)/2018–2019/840 **दिनांक : 22.10.2020**

प्राध्यापक–(स्कूल शिक्षा) प्रतियोगी परीक्षा–2018 के 06 विषयों हेतु प्रेस–विज्ञप्ति दिनांक 25.09.2020 जारी कर दिनांक 05.10.2020 से 26.10.2020 तक काउंसलिंग स्थल–राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर में काउंसलिंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। उक्त काउंसलिंग कार्यक्रम में किसी भी कारण से अनुपस्थित रहे अभ्यर्थियों को आयोग द्वारा दिनांक 27.10.2020 से 29.10.2020 तक समय प्रातः 10.00 बजे से सायं 5.00 बजे तक काउंसलिंग में उपस्थित होने का अंतिम अवसर प्रदान करते हुए निर्देशित किया जाता है कि वे काउंसलिंग के संबंध में पूर्व में जारी आवश्यक दिशा–निर्देशो के तहत् वांछित दस्तावेज आदि के साथ उक्त उल्लेखित दिवसों में काउंसलिंग हेतु काउंसलिंग स्थल–राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर में उपस्थित होवें। इस हेतु पूर्व में ऑनलाईन जारी काउंसलिंग–पत्र ही मान्य होगा अलग से कोई पत्र जारी नहीं किया जायेगा। विस्तृत जानकारी हेतु आयोग के पूर्व प्रेस नोट दिनांक 25.09.2020 का आयोग की वेबसाईट www.rpsc.rajasthan.gov.in पर अवलोकन करें।

काउंसलिंग में उपस्थित नहीं होने पर अभ्यर्थी को काउंसलिंग से वंचित कर दिया जायेगा, इस हेतु अन्य कोई अवसर देय नहीं होगा। काउंसलिंग मे अनुपस्थित रहे अभ्यर्थी अन्तिम परिणाम हेतु विचारित योग्य नहीं होंगे, जिसकी जिम्मेदारी स्वयं अभ्यर्थी की होगी। काउंसलिंग में शामिल अभ्यर्थियों को आयोग द्वारा कोई यात्रा भत्ता/दैनिक भत्ता देय नहीं होगा।

(शुभम् चौधरी)
सचिव